डिंडोरी में विश्व सिकल सेल दिवस–2024 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को किया संबोधित

डिंडोरी की औषधीय वनस्पतियों से महकेगा दिल्ली में उप राष्ट्रपति भवन का हर्बल पार्क

स्वदेश संवाददाता, डिंडोरी

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उप राष्ट्रपति भवन में हर्बल पार्क की स्थापना की जाएगी, जिसमें डिंडोरी का विशेष योगदान होगा। उन्होंने कहा कि डिंडोरी मे जैव विविधता एवं औषधीय वनस्पति की उपलब्धता को देखते हुए यहां सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के उपचार पर रिसर्च कार्य को तेजी से बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे देश-विदेश में डिंडोरी का नाम प्रसिद्ध हो। सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और जागरूकता के लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं - समाजसेवियों - चिकित्सकों के समन्वित प्रयास से इसे सामाजिक आंदोलन बनाना होगा।

उप राष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को मध्यप्रदेश के प्रवास के दौरान डिंडोरी में विश्व सिकल सेल दिवस-2024 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों मे शामिल होगा। कार्यक्रम मे उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रदेश में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। प्रारंभ में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिंडोरी में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उप मुख्यमंत्री शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और उप राष्ट्रपति धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ उपस्थित थीं।

उप राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने बजाए वाद्य यंत्र

उप राष्ट्रपति का जनजातीय कलाकारों ने परम्परागत नृत्य कर स्वागत किया। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम स्थल पर पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद बैगा आदिवासियों के साथ उन्होंने पारंपरिक वाद्य यंत्र पर नृत्य किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने वाद्ययंत्र भी बजाया। इसके बाद विभागों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा अनुसार उप राष्ट्रपति धनखड़ को पगड़ी तथा उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ का शॉल व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति को गोंडी पेंटिंग भी भेंट की। कार्यक्रम में को राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी संबोधित किया।

सिकल सेल उन्मूलन का यज्ञ आरंभ

उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस आशय की घोषणा जुलाई, 2023 में शहडोल जिले से की और राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन–2047 का शुभारंभ किया। सिकल सेल उन्मूलन का यज्ञ आरंभ हो चुका है। हम सब को इसमें योगदान देना है। सिकल सेल एनीमिया जैसी अनुवांशिक बीमारी के उन्मूलन के लिए आयुष्मान भारत योजना में आवश्यक सुधार करना शासन की दूर दृष्टि को दर्शाता है। प्रदेश सरकार इस दिशा में देश में अग्रणी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश अपने विकास से सबको मोहित करता रहेगा

उप राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहली भेंट में ही अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा था कि प्रदेश से सिकल सेल उन्मूलन एवं जनजातीय विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। मंत्री परिषद की पहली बैठक जबलपुर में करने का निर्णय उनकी जनजातीय विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और लाउडस्पीकरों के उपयोग के संबंध में लिया गया निर्णय उनकी संवेदनशीलता और व्यवहारिकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपने विकास की गति से सबको मोहित करता रहेगा।

द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्रपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश में जनजातियों का बहुत अधिक महत्व है। द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्रपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है। आर्थिक परिदृश्य में ब्राजील, कनाडा, इंग्लैंड और फ्रांस जैसे देशों से भारत आगे निकला है। इस क्रम मे जर्मनी और जापान से भी हम आगे निकलेंगे। इसमें जनजातीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने और देश को सिकल सेल एनीमिया से मुक्त कराने का संकल्प लिया है।